कार्रवाई — पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही थी शराब की खेप

# परचून वाहन से 9 पेटी अवैध शराब जब्त






**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के लांजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए परचून वाहन से अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एएसआई देवराज सिंह के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बालाघाट की ओर से आ रहे वाहन (एमपी 50 जेडई 2199) को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखी गई 9 पेटी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने वाहन से ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की की कुल 108 बोतलें जब्त की हैं। जब्त शराब की कीमत करीब 1 लाख 62 हजार रुपए बताई जा रही है।

मामले में ग्रामीण थाना क्षेत्र के कोसमी निवासी 26 वर्षीय उज्जवल उर्फ भोला ठाकरे को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि शराब की खेप छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही थी। पुलिस को एक अन्य संदिग्ध वाहन के फरार होने की भी जानकारी मिली है। फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## जिले में आम फल बहार की नीलामी 13 से 24 अप्रैल तक

**बालाघाट।** सहायक संचालक उद्यान, बालाघाट के अधीन जिले की शासकीय पौधशालाओं में वर्ष 2026-27 के लिए आम फल बहार की नीलामी कर विक्रय किया जाएगा। इसके तहत जिले के 9 शासकीय उद्यानों में निर्धारित तिथियों पर नीलामी आयोजित की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान श्री क्षितिज कराडे ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया प्रत्येक निर्धारित तिथि को दोपहर 1:00 बजे से संबंधित उद्यान (रोपणी) स्थल पर प्रारंभ होगी। इच्छुक फल क्रेता नीलामी में भाग लेने से पूर्व कार्यदिवसों में संबंधित रोपणी पर जाकर फलन का अवलोकन भी कर सकते हैं।

## नपा बालाघाट द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन आज

**नवभारत, बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में 11 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के अंतर्गत वर-वधु का वैवाहिक समारोह आयोजित किया जायेगा। जिनका पंजीयन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर दोप. 2 बजे से तुरकर भवन बालाघाट में विवाह समारोह होगा जिसमें बारात मरारमाली भवन बूढ़ी से निकलेगी,आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती भारती पारधी सांसद बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र, प्रमुख अतिथि गौरीशंकर बिसेन पूर्व मंत्री, रामकिशोर कावरे जिलाध्यक्ष भाजपा, मौसम दीदी सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग,रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी की उपस्थिति रहेगी। सामूहिक विवाह आयोजन की अध्यक्षता श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर अध्यक्ष नगर



पालिका परिषद बालाघाट द्वारा की जायेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश रंगलानी, श्रीमती रेखा बिसेन, सत्यनारायण अग्रवाल, अनिल धुवारे ,नपा उपाध्यक्ष योगेश पप्पू बिसेन,राकेश सेवईवार,रमा डहाके उपस्थित रहकर वैवाहिक जीवन में आबद्ध होने वाले वर-वधू को आशिर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील आयोजक योगेश बिसेन नपा उपाध्यक्ष, सभापति योगिता बोपचे, संगीता कावरे, संगीता थापा, कमलेश पांचे, वकील वाधवा, समीर जायसवाल, उज्जवल आमाडारे एवं समस्त पार्षदगण द्वारा की गई है।

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने आयोजन के संबंध में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब वर्ग के लिये कल्याणकारी योजना है जहां माता-पिता को अपने विवाह योग्य बच्चों के वैवाहिक खर्च की चिंता से मुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष नपा बालाघाट द्वारा ऐतिहासिक सामूहिक विवाह आयोजन किया गया था जिसमें 900 से ज्यादा जोड़े विवाह सूत्र में बंधे थे, इस बार भी उसी उत्साह से जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नपाध्यक्ष ने आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासों से स्वीकृत प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े नवनिर्मित फलाई ओवर पर आवागमन शुरू

### वारा पंचायत के आदिवासी सरपंच ने नारियल फोड़कर वाहनों को किया रवाना, ग्राम-ग्राम से पहुंचा भाजपा कार्यकर्ताओं का सैलाब



**नवभारत, वारासिवनी।** प्रदेश के दुसरे सबसे बडे वारा रेल्वे ट्रेक पर फलाई ओवर लंबाई 250 मीटर पर आज से सभी तरह के वाहनो के लिये आवागमन शुरू हो गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से स्वीक्रत इस पुल पर आवागमन शुरू कराते समय जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारीगण व ग्रामो के कार्यकर्तागण भी अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

गौरतलब है की पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासो से यह पूल तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के कार्यकाल मे सन 2021-2022 के मुख्य बजट मे स्वीक्रत हुआ था। 40 करोड की भारी भरकम राशी से स्वीक्रत इस पूल का 6 अक्टूबर 23 को भव्य समारोह के साथ भूमीपूजन किया गया था। अब निर्माण के बाद मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के वारासिवनी आगमन पर विधिवत लोकार्पण समारोह आयोजित किया जायेगा।

आज भाजपा के शीर्ष जनप्रतिनिधीयो ने इस उपलब्धि का वारा के सरपंच सूर्यभान सिंह पूसाम के हस्ते नारियल फुडवाकर आवागमन शुरू कर दिया है। मिडिया के सवालो पर प्रदीप जायसवाल ने बताया की दो दिवस पहले ही उन्होने भोपाल जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से मुलाकात कर इस फलाई ओवर के लोकार्पण के लिये वारासिवनी आने का निवेदन किया है। जिस पर उन्होने जल्द वारासिवनी आगमन की स्वीक्रति प्रदान कर दी है। अब मुख्यमंत्री के आगमन के समय इस सबसे बडे फलाई ओवर का विधिवत लोकार्पण अति भव्य समारोह मे किया जायेगा।

आज भाजपा के जनप्रतिनिधीयो के साथ नगर व ग्राम ग्राम से पधारे भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक विशाल रैली निकालकर पूल तक जाने का कार्य किया। भारत मां की आरती भारतीय जनता पार्टी के नारो के बीच भाजपा परिवार की खुशिंया व उत्साह आज तपती धूप मे भी देखते ही बनता था।

पुल पर आवागमन शुरू करने के बाद मिडिया के सवालो मे सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा की आज वारासिवनी ही नही अपितू पुरे जिलेवासीयो के लिये यह खुशींयो के पल है। वारासिवनी मे इसके अलावा अन्य बहुत सारे पूल बनकर तैयार है। हम इसके लिये सबसे पहले प्रदेश के तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के साथ सहयोग के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्वीनी वैष्णव, नितिन गडकरी को धन्यवाद ज्ञापित करते है। आज उन सभी के सहयोग से ही ये बडी उपलब्धि हासिल हुयी है। पुल बन जाने के बाद हम तारिखो के चक्कर मे जनता को परेशान नही करना चाहते है। इसी तरह सांकेतिक रूप से हमने पहले भी बालाघाट मे सरेखा पूल सहित अन्य जगहो पर आवागमन शुरू करवा दिया है। अब जल्द मुख्यमंत्री जी के वारासिवनी आगमन के बाद विधिवत लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने मिडिया के सवालो पर कहा की इस सौगात के लिये दोनो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान व डा मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करते है।

जब इस पूल के लिये बजट मे स्वीक्रति मिली थी तब वे भी मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे थे। उनके आग्रह पर ही डा मोहन यादव ने राशी का प्रावधान किया था। भाजपा सदैव गरीब, किसान आदि वर्ग के लिये सेवा का भाव रखती है। हम पूल बन जाने के बाद आवागमन के विषय मे जनता को तारिखो के चक्कर मे परेशान नही करना चाहते है। अत हमने आज अनौपचारिक रूप से आवागमन शुरू करवा दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी यही विचार है की हम राष्ट निर्माण का भाव रखते है। हमारे लिये पहले राष्ट फिर दल और फिर व्यक्ति की सेवा के भाव सर्वोपरी है।

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने मिडिया के सवालो मे कहा की तात्कालिन समय मे उन्होने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को अपना समर्थन दिया था। जब उनके विशेष सहयोग से तीन साल मे 6 बडे पूल की स्वीक्रति क्षेत्र को मिली थी।

जिसमे से तीन पूल बनकर तैयार हो गये है। तीन मे अंतिम चरणो का कार्य तीव्र गति से शुरू है। हमने क्षेत्र की डांइग बनाकर एक मैप तैयार कर सन 2026 की आवागमन क्रांति की तैयारी की थी। जो पूर्णत सफल भी हो गयी है। हमने आज सांदिपनी विधालय के विद्वार्थीयो सहित किसानो आदि की सुविधा के मद्वेनजर पुल पर आवागमन शुरू करा दिया है। जल्द प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के वारासिवनी आगमन के बाद इसका भव्य लोकार्पण भी किया जायेगा।

### 2021-2022 के मुख्य बजट में हुआ था स्वीकृत

गौरतलब है की पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासो से यह पूल तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के कार्यकाल मे सन 2021-2022 के मुख्य बजट मे स्वीक्रत हुआ था। 40 करोड की भारी भरकम राशी से स्वीक्रत इस पूल का 6 अक्टूबर 23 को भव्य समारोह के साथ भूमीपूजन किया गया था। ढाई साल से भी कम समय की अवधि मे निर्मित इस पुल के उपर रेल्वे के सबसे गडर को रखते समय इसकी जनमानस ने रील व विडियो तक बनाकर सोशल मिडिया मे अपनी खुशींयो का इजहार किया था।



## सालाना उर्स हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नवभारत,बालाघाट।** कौमी एकता के तहत सालाना उर्स का आयोजन गत दिवस हजरत बाबा चांद साह वली दरगाह में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ सालाना उर्स का यह उनसतर वां वर्ष था उसको पूरे सादगी के साथ संध्याकाल दरगाह से सदंल नगर का गस्त करता हुआ नगर के समस्त धार्मिक स्थान में नमन किया गया मस्जिदों में चादर पोसी की गई तो मंदिरों में श्रीफल भेंट कर पूजा अर्चना की गई और यह उर्ष सदंल वापस बैडं बाजो की धूम के साथ दरगाह शरीफ पहुंचा जहां विशाल लंगर के आयोजन में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया तथा देर रात मनोरंजन के लिए आयोजित कव्वाली के शानदार कार्यक्रम का आनंद लिया बधायु उत्तर प्रदेश के कव्वाल जुबेर सुल्तानी ने रात्रि में एक से एक कव्वाली अर्ज कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया बाद चांद सवाली दरगाह के खिदमतगार विकास रोशन ने कव्वाल एवं उनके लोगों का इस्तेमाल कर आभार व्यक्त किया।

## गन्ना उत्पादक क्लस्टरों में स्थापित होंगी गुड़ निर्माण इकाइयां



**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्य फसलों के उत्पादन के साथ-साथ फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एमएसएमई विभाग द्वारा माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गन्ना उत्पादक क्लस्टरों में गुड़ निर्माण इकाइयों की स्थापना की पहल की गई है।

प्रदेश स्तर पर गन्ना उत्पादक क्लस्टरों के विकास के लिए दतिया, नरसिंहपुर, मंडला और बालाघाट जिलों का चयन किया गया है। इसके तहत 9 अप्रैल 2026 को भोपाल स्थित विंध्याचल भवन में एफपीओ, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और कृषि उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बालाघाट जिले से 5 एफपीओ के प्रतिनिधियों—श्री जगदीश देशमुख, श्री उत्तम पटले, श्री गोपालसिंह पारधी, श्री श्यामराव पटले एवं श्री वीरेंद्र ठाकरे ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी कटंगी श्री विशेष बागड़े नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले के कटंगी, खैरलांजी, वारासिवनी और किरनापुर विकासखंडों में गन्ने की खेती की जा रही है। इन क्षेत्रों में गन्ना उत्पादक क्लस्टरों का गठन कर गुड़ निर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत एफपीओ, एसएचजी एवं कृषि उद्यमियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से जिले में गन्ना आधारित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही गुड़ निर्माण के माध्यम से मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन की संभावनाएं विकसित होंगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## शासकीय शाला तुमाडी का नहीं होगा सांदिपनी विद्यालय में विलय

### जप अध्यक्ष सहित अभिभावकों ने सौंपा था ज्ञापन, दूरी व साधन की दिक्कतों का दिया था हवाला



**नवभारत, वारासिवनी।** शासकीय एकीक्रत शाला तुमाडी का सांदिपनी विधालय मे विलय न किये जाने के संबध मे आज जप सदस्य श्रीराम गौतम व अभिभावको ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। जनभावना का सम्मान करते हुये उन्होने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को तत्संबध मे आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किये।

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमाड़ी में शासकिय एकीकृत माध्यमिक शाला है। जिसमें कक्षा 01 से 08 कुल 71 छात्र-छात्राऐं अध्ययनरत है। वर्तमान में सांदिपनी विद्यालय वारासिवनी जो कि ग्राम तुमाड़ी से 4 किलोमीटर दुरी पर स्थित जिसमें शासकिय एकीकृत माध्यमिक शाला तुमाड़ी का विलय किया जाना प्रक्रियाधीन है।

जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के नियमों में स्पष्ठ प्रावधान है कि कक्षा 1 से 5 तक विद्यालय की दूरी 1 किलोमीटर एवं 6 से 8 कक्षां की दूरी 2 किलोमीटर निर्धारित किया गया है। जबकि ग्राम तुमाड़ी से सांदिपनी विद्यालय की दूरी 4 किलोमीटर है।

यदि शासकिय एकीकृत माध्यमिक शाला तुमाड़ी को वारासिवनी सांदिपनी विद्यालय में विलय किंया जाता है तो ग्राम के छोटे-छोटे बच्चों एवं पालकगणों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही वर्तमान में आने जाने हेतु सांदिपनी विद्यालय में किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण भी छात्र-छात्राओं को वारासिवनी आने जाने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

अतः शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के नियमों को ध्यान में रखते हुए और ग्रामीण पालको व छात्र-छात्राओं की परेशानी को समझते हुए शासकिय एकीकृत माध्यमिक शाला तुमाड़ी को वारासिवनी सांदिपनी विद्यालय में विलय न किये जाने की कार्यवाही करवाने हेतु संबंधित अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।



## नवविवाहिता की मौत, परिजनों ने पति को पीटा

**नवभारत,बालाघाट।** बालाघाट के नवेगांव में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका प्रशांति उर्फ मोनिका (26) के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

घटना के बाद जब पति ललित राणा पत्नी के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो मायके पक्ष के लोगों ने उनकी कार में तोड़फोड़ की और ललित के साथ मारपीट की। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला की मां श्यामा पटले ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उनकी बेटी को मायके से 5 लाख रुपए और कार लाने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। भाई आदर्श पटले ने बताया कि दोनों की शादी 2022 में हुई थी। भाई ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं मर्डर है।

परिजनों ने यह भी सवाल उठाया कि ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को सीधे अस्पताल क्यों पहुंचाया। वहीं जब पति ललित राणा पत्नी के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो मायके पक्ष के लोगों ने उनकी कार में तोड़फोड़ की और ललित के साथ मारपीट की।

पति ललित राणा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को जब वह अपनी दुकान से घर लौटे तो उन्होंने प्रशांति को बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका पाया। इसके बाद वे तुरंत एक परिचित की कार से उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रशांति और ललित का विवाह तीन वर्ष पूर्व हुआ था और उनकी एक वर्षीय बेटी भी है।

अस्पताल में घंटों चले तनाव के बाद एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी मयंक तिवारी और समाज के पदाधिकारियों ने मायके पक्ष को शांत कराया। अधिकारियों की समझाइश पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और

## शराब दुकान सेल्समैन पर हमला, गाड़ियों में तोड़फोड़

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत एलआईसी ऑफिस के सामने स्थित शराब दुकान में घुसकर तीन बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। सेल्समैन के साथ मारपीट की, बल्कि 50,000 की रंगदारी मांगते हुए दुकान में खड़ी गाड़ियों और शटर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गुप्तेश्वर गोरखपुर निवासी अखिल पाण्डे (35) एलआईसी के सामने वाली शराब दुकान में सेल्समैन हैं, बीती रात करीब 11:20 बजे वह अपने साथी सेल्समैन विपिन राय के साथ दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र के कुख्यात बदमाश मोंटू दुबे, गप्पू दुबे और विक्की ठाकुर बेसबॉल के डंडे लेकर वहां आ धमके। आरोपियों ने आते ही सेल्समैन से 50,000 की मांग की। बदमाशों ने धमकी देते हुए कहा, अगर दुकान चलाना है तो पैसे देने होंगे, पिछले ठेकेदार से भी हम पैसे लेते रहे हैं। पैसे नहीं दिए तो दुकान नहीं चलने देंगे और जान से मार देंगे। जब सेल्समैन ने पैसे देने और गाली देने से मना किया, तो बदमाशों ने आपा खो दिया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम कोसमी में जल चौपाल आयोजित

▶ जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**नवभारत कटंगी।** जल संकट की चुनौती से निपटने एवं जल संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बालाघाट द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम कोसमी में प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार, 9 अप्रैल को ग्राम कोसमी के श्री हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक श्री सुरेन्द्र भगत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में नवांकुर संस्था अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था, कटंगी (सेक्टर क्रमांक-2, जरामोहगाँव) एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम कोसमी की सक्रिय भूमिका रही, जिसके माध्यम से ग्राम स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित की गई। जल चौपाल के दौरान वक्ताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। यदि समय रहते जल के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। विकासखंड समन्वयक श्री सुरेन्द्र भगत ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना है।' उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल स्रोतों की रक्षा करें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा वर्षाजल संचयन जैसे उपायों को अपनाएं। नवांकुर संस्था अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था, कटंगी के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से जल बचाने की आदत विकसित करनी होगी, तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रख पाएंगे। जल चौपाल के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के विभिन्न व्यवहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें सार्वजनिक कुओं एवं हैंडपंपों की नियमित साफ-सफाई वर्षाजल संचयन को बढ़ावा देना, घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सोखते गड्ढों का निर्माण जल के अनावश्यक अपव्यय को रोकना इसके साथ ही ग्राम के तालाब में स्वच्छता अभियान चलाकर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें बताया गया जल की हर बूंद अनमोल है। इसे बचाना ही भविष्य को सुरक्षित करना है। आइए, जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बनाएं और इसे जन-जन तक पहुंचाएं ।

### जनभागीदारी से ही संभव होगा जल संरक्षण

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नंदलाल बिसेन, सचिव भुवनलाल पटले, राजेश पाठक, परामर्शदाता राज ब्यौत्रा, अरविंद दरवडे सहित सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी जिनमें प्रतिक्षा ठाकरे, आरती पटले, रश्मि बोपचे, गोविंद के अलावा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के शैलेश गौतम, विजय देशमुख, गणेश राहंगडाले, प्रताप सिंह ठाकरे, टेकचंद परिहार, रूपा राहंगडाले, ललिता गौतम, ललिता ठाकरे, ज्योति राहंगडाले, पुष्पलता गाते, सुलोचना नेवारे, चेतन बाई देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।